वर्ष 23 अंक 101
पृष्ठ 26
नई दिल्ली, शुक्रवार
26 अक्टूबर 2012
नोएडा
मूल्य ₹ 3.50

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
दैनिक जागरण

बिमटैक मनाएगा रजत जयंती

पत्रकारों से वार्ता करते बिमटैक के निदेशक डॉ. एच चतुर्वेदी, साथ में सुनील व एसोसिएट प्रोफेसर आभा ऋषि। जागरण

नोएडा, संवाददाता : बिरला प्रबंधन प्रोद्योगिकी संस्थान (बिमटैक) ग्रेटर नोएडा की रजत जयंती पर विरासत, ग्लोबल मैनेजमेंट गुरु अवार्ड, इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन मैनेजमेंट केसस जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

सेक्टर-27 स्थित फार्च्यून होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में बिमटैक के निदेशक डॉ. एच चतुर्वेदी ने बताया कि 26 अक्टूबर से 29 दिसंबर तक संस्थान द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शास्त्रीय संगीत, लोक गीत, लोक नृत्य को छात्रों तक पहुंचाने के लिए 26 अक्टूबर से 3 नवंबर तक विरासत नामक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही छात्रों के लिए कार्यशाला का आयोजन भी किया जा रहा है। स्पिक मैके के साथ जुड़ी महान हस्तियां कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी व छात्रों को नृत्य, संगीत, नाटक, कला के बारे में जानकारी देंगी।

संस्थान द्वारा हार्वर्ड बिजनेस स्कूल अमेरिका के प्रोफेसर रॉबर्ट एस केप्लन को मैनेजमेंट के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए ग्लोबल मैनेजमेंट गुरु अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आभा ऋषि ने बताया कि संस्थान में महिला उद्यमियों के कार्यशाला का आयोजन भी किया जा रहा। कार्यशाला में महिला उद्यमियों को अपने व्यवसाय को बढ़ाने के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर सुनील, संगीता शुक्ला व ऋषि तिवारी उपस्थित थे।